रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८ /२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 12/12/2025 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** विभिन्न प्रकार की कोशिकाओं की आकृति और कार्य के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

Ans
- ✗ A. लाल रक्त कोशिकाएं, ऑक्सीजन-वहन क्षमता बढ़ाने के लिए उभयावतल होती हैं।
- ✓ B. पेशी कोशिकाएं, रक्त में प्रवाह में सहायता के लिए चपटी और गोलाकार होती हैं।
- ✗ C. श्वेत रक्त कोशिकाएं, ऊतकों में गति करने के लिए अपनी आकृति बदल सकती हैं।
- ✗ D. तंत्रिका कोशिकाएं, लंबी और शाखित होती हैं जो शरीर के विभिन्न भागों में संदेश पहुंचाती हैं।

**Q.2** एक सरकारी स्कीम कृत्रिम रूप से नियंत्रित मीठे जल के तालाबों में मत्स्य पालन को बढ़ावा देती है। इस प्रकार के मत्स्यन को क्या कहा जाता है?

Ans
- ✗ A. समुद्री मत्स्यन (Marine fishing)
- ✗ B. लवणजल मत्स्यन (Saltwater fishing)
- ✗ C. प्रग्रहण मत्स्यन (Capture fishing)
- ✓ D. मत्स्य संवर्धन (Culture fishing)

**Q.3** $g = 10\ m/s^2$ मानते हुए, यदि 75 kg द्रव्यमान वाला एक व्यक्ति 25 s में 8 m की सीढ़ी चढ़ जाता है, तो उसकी औसत शक्ति _______ है।

Ans
- ✗ A. 120 W
- ✗ B. 150 W
- ✗ C. 24 W
- ✓ D. 240 W

**Q.4** निम्नलिखित अभिक्रिया में कौन-सा रंग परिवर्तन देखा जाता है?

$Fe + CuSO_4 \rightarrow FeSO_4 + Cu$

Ans
- ✗ A. नीला से लाल
- ✗ B. हरा से नीला
- ✗ C. लाल से हरा
- ✓ D. नीला से हरा

| Q.5 | जब बेरियम क्लोराइड एल्युमीनियम सल्फेट के साथ अभिक्रिया करता है, तो यह एल्युमीनियम क्लोराइड के साथ-साथ ............... देता है। |
|---|---|
| Ans | ✔ A. बेरियम सल्फेट का एक सफेद रंग का अवक्षेप |
| | ✗ B. बेरियम ऑक्साइड का एक सफेद रंग का अवक्षेप |
| | ✗ C. बेरियम क्लोराइड का एक सफेद रंग का अवक्षेप |
| | ✗ D. बेरियम सल्फेट का एक पीले रंग का अवक्षेप |

| Q.6 | ऑक्सीजन का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास (परमाणु क्रमांक = 8) क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 2, 6 |
| | ✗ B. 2, 4, 6 |
| | ✗ C. 2, 8 |
| | ✗ D. 4, 4 |

| Q.7 | गैसों की आसानी से संपीडित होने की क्षमता ___________ के कारण होती है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. कणों के बीच मजबूत बल |
| | ✗ B. कणों की कमी |
| | ✗ C. कणों के उच्च द्रव्यमान |
| | ✔ D. कणों के बीच विस्तृत स्थान |

| Q.8 | `मानव शरीर के विभिन्न अंग अलग-अलग कार्य करते हैं' इस कथन का क्या अर्थ है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. सभी कोशिकाएं समान कार्य करती हैं |
| | ✔ B. कार्य विभाजन की उपस्थिति |
| | ✗ C. कार्य विभाजन की अनुपस्थिति |
| | ✗ D. विभिन्न कोशिकाएं समान कार्य करती हैं |

| Q.9 | निम्नलिखित में से कौन-सा कोशिका अंगक, पाचक एंजाइम से भरा होता है जो खराब हुए कोशिका अंगकों को ठीक करने एवं किसी भी बाहरी पदार्थ का पाचन करके कोशिका को स्वच्छ बनाए रखने में सहायता करता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. हरितलवक (Chloroplast) |
| | ✔ B. लयनकाय (Lysosomes) |
| | ✗ C. वर्णलवक (Chromoplast) |
| | ✗ D. राइबोसोम (Ribosome) |

| Q.10 | जल के एक अणु में कितने परमाणु होते हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 4 |
| | ✗ B. 2 |
| | ✔ C. 3 |
| | ✗ D. 1 |

| Q.11 | मानव पुरुष जनन तंत्र में प्रोस्टेट ग्रंथि और शुक्राशय (seminal vesicles) की क्या भूमिका है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. वृषण का ताप कम करना |
| | ✗ B. शुक्राणु कोशिकाओं का निर्माण करना |
| | ✔ C. शुक्राणु परिवहन के लिए तरल प्रदान करना |
| | ✗ D. टेस्टोस्टेरोन स्रावित करना |

| | |
|---|---|
| **Q.12** | **प्रजनन के दौरान DNA प्रतिकृतियों में लघु परिवर्तन महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि वे ________।** |
| **Ans** | ✔ A. ऐसी विविधताएँ प्रदान करते हैं, जो जीवित रहने में सहायता कर सकती हैं |
| | ✗ B. सदैव हानिकारक प्रभाव डालते हैं |
| | ✗ C. निषेचन होने से रोकते हैं |
| | ✗ D. अगली पीढ़ी में प्रजनन को रोकते हैं |

| | |
|---|---|
| **Q.13** | **एक वोल्टमीटर को एक परिपथ में सदैव ___________संयोजित किया जाता है।** |
| **Ans** | ✗ A. स्विच के स्थान पर |
| | ✗ B. तिर्यक रूप में |
| | ✗ C. श्रेणीक्रम में |
| | ✔ D. समानांतर क्रम में |

| | |
|---|---|
| **Q.14** | **निम्नलिखित में से कौन-सा जीव, द्वि-खंडन द्वारा प्रजनन करता है?** |
| **Ans** | ✗ A. प्लैनेरिया |
| | ✔ B. अमीबा |
| | ✗ C. स्पाइरोगाइरा |
| | ✗ D. हाइड्रा |

| | |
|---|---|
| **Q.15** | **एक लड़का 10 m त्रिज्या वाले वृत्तीय पथ पर दौड़ रहा है। वह 1 मिनट में एक चक्कर पूरा करता है। उसकी औसत चाल कितनी है?** |
| **Ans** | ✗ A. 10.4 m/s |
| | ✗ B. 5.2 m/s |
| | ✔ C. 1.04 m/s |
| | ✗ D. 0 m/s |

| | |
|---|---|
| **Q.16** | **समभारिक परमाणु वे परमाणु होते हैं, जिनमें _________ ।** |
| **Ans** | ✔ A. द्रव्यमान संख्या समान होती है, तथा तत्व भिन्न होते हैं |
| | ✗ B. केवल न्यूट्रॉनों की संख्या समान होती है |
| | ✗ C. केवल इलेक्ट्रॉनों की संख्या समान होती है |
| | ✗ D. परमाणु क्रमांक और द्रव्यमान समान होता है |

| | |
|---|---|
| **Q.17** | **निम्नलिखित में से कौन-सा, एकसमान वेग से गतिमान वस्तु के लिए वेग-समय ग्राफ की प्रमुख विशेषता का सबसे अच्छा वर्णन करता है?** |
| **Ans** | ✗ A. यह एक वक्र रेखा है। |
| | ✗ B. यह समय अक्ष की ओर झुकी हुई एक सीधी रेखा है। |
| | ✗ C. यह वेग अक्ष के समानांतर एक सीधी रेखा है। |
| | ✔ D. यह समय अक्ष के समानांतर एक सीधी रेखा है। |

| | |
|---|---|
| **Q.18** | **पृथ्वी की सतह पर गुरुत्वीय त्वरण (g) का सूत्र ____________ है।** |
| **Ans** | ✗ A. g=R2/GM |
| | ✔ B. g=GM/R2 |
| | ✗ C. g=GM/R |
| | ✗ D. g=G/MR2 |

| Q.19 | जूल के तापन नियम के अनुसार, उत्पन्न ऊष्मा (H) निम्नलिखित में से किसके समानुपाती होती है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. समय का वर्ग (t2) |
| | ✓ B. धारा का वर्ग (I2) |
| | ✗ C. धारा (I) |
| | ✗ D. प्रतिरोध का वर्ग (R2) |

| Q.20 | हमें कोयला और पेट्रोलियम का संरक्षण क्यों करना चाहिए? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. क्योंकि वे असीमित संसाधन हैं। |
| | ✗ B. क्योंकि वे ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोत हैं। |
| | ✓ C. क्योंकि वे ऊर्जा के अनवीकरणीय स्रोत हैं। |
| | ✗ D. क्योंकि वे हर दिन कारखानों में बनाए जाते हैं। |

| Q.21 | जटिल आकृतियों वाली वस्तुओं के निर्मलन के लिए अल्ट्रासाउंड को क्यों वरीयता दी जाती है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. इनसे चुंबकीय प्रभाव उत्पन्न होता है |
| | ✓ B. इनकी उच्च आवृत्ति से धूल के कण विस्थापित हो जाते हैं |
| | ✗ C. द्रवों में इनकी चाल अत्यधिक तीव्र होती है |
| | ✗ D. इससे विलयन के तापमान में वृद्धि हो जाती है |

| Q.22 | किसी माध्यम का निरपेक्ष अपवर्तनांक ___________ के अनुपात के रूप में परिभाषित किया जाता है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. कांच में प्रकाश की गति और जल में प्रकाश की गति |
| | ✓ B. निर्वात में प्रकाश की गति और माध्यम में प्रकाश की गति |
| | ✗ C. जल में प्रकाश की गति और माध्यम में प्रकाश की गति |
| | ✗ D. माध्यम में प्रकाश की गति और निर्वात में प्रकाश की गति |

| Q.23 | जब प्रकाश हवा से कांच के प्रिज्म में पहली अपवर्तक सतह पर प्रवेश करता है, तो प्रकाश किरण _________ । |
|---|---|
| Ans | ✗ A. बिना बंकन के सीधी गुजरती है |
| | ✗ B. अभिलंब से दूर बंकित होता है, जिससे आपतन कोण बढ़ती है |
| | ✓ C. सघन माध्यम में प्रवेश करते ही अभिलंब की ओर बंकित होती है |
| | ✗ D. पूर्ण आंतरिक परावर्तन से गुजरती है। |

| Q.24 | $CaO + H_2O \rightarrow Ca(OH)_2$ किस प्रकार की अभिक्रिया है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. संयोजन |
| | ✗ B. विस्थापन |
| | ✗ C. उदासीनीकरण |
| | ✗ D. अपघटन |

| Q.25 | निम्नलिखित में से कौन-सी विधि अयस्क संवर्धन (ore enrichment) के लिए उपयोग नहीं की जाती है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. निकर्षण (Dredging) |
| | ✗ B. फेन प्लवन (Froth floatation) |
| | ✗ C. निक्षालन (Leaching) |
| | ✗ D. द्रवीय धावन (Hydraulic washing) |

Section : **Mathematics**

| Q.26 | 12, a, और 6a का चतुर्थानुपाती 50 है। 'a' का धनात्मक मान कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 8 |
| | ✗ B. 12 |
| | ✗ C. 13 |
| | ✓ D. 10 |

| Q.27 | एक त्रिभुज की भुजाएँ 20 cm, 51 cmऔर 37 cm हैं। 51 cm लंबाई वाली भुजा के संगत इसकी ऊँचाई कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 49 cm |
| | ✗ B. 53 cm |
| | ✗ C. 30 cm |
| | ✓ D. 12 cm |

| Q.28 | पाइप A एक टैंक को 32 मिनट में भर सकता है और पाइप B इसे 48 मिनट में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइपों को एक साथ खोल दिए जाए, तो कितने मिनट के बाद पाइप B को बंद कर देना चाहिए ताकि टैंक 60 मिनट में भर जाए? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 48 |
| | ✗ B. 36 |
| | ✓ C. 42 |
| | ✗ D. 40 |

| Q.29 | दो कारें एक ही बिंदु से चलना शुरू करती हैं और विपरीत दिशाओं में चलती हैं। यदि एक कार 60 km/hr और दूसरी 75 km/hr की चाल से चलती है, तो 3 घंटे बाद वे एक-दूसरे से कितनी दूरी पर होंगी? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 405 km |
| | ✗ B. 395 km |
| | ✗ C. 425 km |
| | ✗ D. 445 km |

| Q.30 | रमन की आय ₹70,000 है। वह अपनी आय के 26% की बचत करता है। यदि उसकी आय में 32% वृद्धि होती है तथा व्यय में 45% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में ____________ होगी। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. ₹910 की कमी |
| | ✗ B. ₹908 की कमी |
| | ✗ C. ₹909 की वृद्धि |
| | ✗ D. ₹913 की वृद्धि |

| Q.31 | एक पिता और उसकी पुत्री की औसत आयु 27 वर्ष है। अब से 4 वर्ष बाद उनकी आयु का अनुपात 23 : 8 होगा। पुत्री की वर्तमान आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 20 |
| | ✗ B. 16 |
| | ✗ C. 15 |
| | ✓ D. 12 |

| Q.32 | यदि $\left(8.5 \div 0.25 + \frac{26}{3} \div \frac{1}{3}\right)$ of $\frac{3}{50} = 0.01$ of P है, तो P का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 340 |
| | ✓ B. 360 |
| | ✗ C. 348 |
| | ✗ D. 354 |

| Q.33 | यदि $x^2 + \frac{1}{x^2} = 47$ है, तो $(x + \frac{1}{x})$ का संभावित मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 7 |
| | ✘ B. 9 |
| | ✘ C. 8 |
| | ✘ D. 6 |

| Q.34 | एक सीढ़ी को दीवार के सहारे रखने पर वह भूमि से $60^{\circ}$ का कोण बनाती है। यदि सीढ़ी का पाद दीवार से 2 m दूर है, तो सीढ़ी की लंबाई ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✔ A. $4\ m$ |
| | ✘ B. $3\sqrt{2}\ m$ |
| | ✘ C. $6\ m$ |
| | ✘ D. $2\sqrt{3}\ m$ |

| Q.35 | यदि किसी संख्या के $\frac{2}{6}$ के 20% का 60%, 343 है, तो वह संख्या ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 10610 |
| | ✘ B. 11240 |
| | ✘ C. 11400 |
| | ✔ D. 8575 |

| Q.36 | उस लम्बवृत्तीय बेलन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जिसकी आधार त्रिज्या 12 cm तथा ऊँचाई 72 cm है।<br><br>(π = 22/7 लीजिए) |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 528 cm2 |
| | ✘ B. 5430 cm2 |
| | ✘ C. 905 cm2 |
| | ✔ D. 6336 cm2 |

| Q.37 | यदि माध्य 35 और माध्यिका 33.5 है, तो बहुलक का मान कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 31 |
| | ✔ B. 30.5 |
| | ✘ C. 32 |
| | ✘ D. 31.5 |

| Q.38 | $\frac{1}{20}, \frac{9}{100}$ का कितना प्रतिशत है? (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें) |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 65.55% |
| | ✔ B. 55.56% |
| | ✘ C. 111.11% |
| | ✘ D. 70.55% |

| Q.39 | ₹3,246 को A, B, C और D के बीच इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि A और B, B और C, तथा C और D के हिस्से क्रमशः 4 : 5, 4 : 5 और 6 : 7 के अनुपात में हैं। A का हिस्सा (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 576 |
| | ✘ B. 508 |
| | ✘ C. 612 |
| | ✘ D. 532 |

| Q.40 | दो बैंक, A और B, क्रमशः 3.5% और 7% वार्षिक दर से ऋण देते हैं। आशीष ने प्रत्येक बैंक से ₹4,40,000 उधार लिए। 4 वर्षों के बाद आशीष द्वारा दोनों बैंकों को भुगतान किए गए साधारण ब्याज की राशियों के बीच धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 61,100 |
| | ✘ B. 63,100 |
| | ✘ C. 62,600 |
| | ✔ D. 61,600 |

| Q.41 | दो क्रमागत संख्याओं का योगफल 51 है। वह संख्याएँ ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 26, 27 |
| | ✘ B. 27, 28 |
| | ✘ C. 24, 25 |
| | ✔ D. 25, 26 |

| Q.42 | एक वस्तु 15% लाभ पर बेची जाती है। यदि इसे ₹90 अधिक में बेचा जाता, तो लाभ 25% होता। वस्तु का क्रय मूल्य कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. ₹950 |
| | ✘ B. ₹850 |
| | ✔ C. ₹900 |
| | ✘ D. ₹800 |

| Q.43 | यदि X m एक लंबी रेलगाड़ी 41 m/sec की चाल से चलते हुए एक रेलवे प्लेटफार्म को 34 सेकंड में पार करती है। यदि रेलवे प्लेटफार्म की लंबाई 301 m है, तो X का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 1090 |
| | ✘ B. 1088 |
| | ✔ C. 1093 |
| | ✘ D. 1089 |

| Q.44 | एक शिविर में 55 व्यक्तियों के लिए 14 दिन का रसद है। यदि शिविर में सदस्यों की संख्या में वृद्धि करके 70 कर दी जाती है, तो समान रसद कितने दिनों में समाप्त हो जाएगी? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 9 |
| | ✘ B. 10 |
| | ✘ C. 14 |
| | ✔ D. 11 |

| Q.45 | प्रेक्षणों 90, 94, 44, 97, 46, 72, 62, 44 और 54 का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 71 |
| | ✔ B. 67 |
| | ✘ C. 72 |
| | ✘ D. 57 |

| Q.46 | एक समकोण त्रिभुज ABC में, जिसका कोण B समकोण है, AB = 8 cm है। एक रेखा AO खींची गई है जो BC से O पर इस प्रकार मिलती है कि AO = OC = 10 cm है। त्रिभुज ABC का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 50 cm2 |
| | ✓ B. 64 cm2 |
| | ✗ C. 40 cm2 |
| | ✗ D. 36 cm2 |

| Q.47 | किसी व्यापारी ने ₹57,000 में एक माइक्रोवेव खरीदा। वह इसके अंकित मूल्य पर 64% की छूट देता है और फिर भी उसे 38% का लाभ होता है। माइक्रोवेव का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. ₹2,18,500 |
| | ✗ B. ₹2,18,514 |
| | ✗ C. ₹2,18,398 |
| | ✗ D. ₹2,18,310 |

| Q.48 | निम्नलिखित व्यंजक का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए ? $(3^4 \times 3^{-2}) \div (3^3 \times 3^{-5}) \times (3^6)^{-1}$ |
|---|---|
| Ans | ✗ A. $\frac{1}{27}$ |
| | ✗ B. $\frac{1}{81}$ |
| | ✓ C. $\frac{1}{9}$ |
| | ✗ D. $\frac{1}{3}$ |

| Q.49 | पेन के एक डिब्बे का क्रय मूल्य ₹5,400 है। दुकानदार क्रय मूल्य पर 62% की छूट देता है। विक्रय मूल्य (₹ में) कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 2,052 |
| | ✗ B. 2,138 |
| | ✗ C. 2,095 |
| | ✗ D. 1,986 |

| Q.50 | A, B और C किसी कार्य को क्रमशः 2, 6 और 3 दिनों में पूरा कर सकते हैं। एक साथ काम करते हुए, उसी कार्य का तीन गुना काम करने में उन्हें कितना समय (दिन में) लगेगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 9 |
| | ✗ B. 4 |
| | ✗ C. 6 |
| | ✓ D. 3 |

Section : **General Intelligence and Reasoning**

| Q.51 | उत्तर दिशा की ओर अभिमुख 39 व्यक्तियों की एक पंक्ति में, वंदना बाएं छोर से 16वें स्थान पर है। यदि नयना, वंदना के दाएँ 7वें स्थान पर बैठी है, तो पंक्ति के दाएं छोर से नयना का स्थान क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 15वां |
| | ✗ B. 13वां |
| | ✗ C. 16वां |
| | ✓ D. 17वां |

| Q.52 | निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।<br><br>(बाएं) % 4 6 1 * @ 8 $ 7 & Ω 9 # 2 + 3 £ 5 (दाएं)<br><br>ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में भी एक संख्या है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 4 |
| | ✘ B. 6 |
| | ✘ C. 5 |
| | ✘ D. 3 |

| Q.53 | छह व्यक्ति, D, E, F, G, H और I, उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। I के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D, I के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। F और D दोनों का निकटतम पड़ोसी H है। E, G के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्नलिखित चार में से तीन विकल्प एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा विकल्प उस समूह से संबंधित नहीं है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. EI |
| | ✘ B. FH |
| | ✔ C. ED |
| | ✘ D. IF |

| Q.54 | FK 14 का संबंध एक निश्चित तरीके से CG 16 से है। उसी प्रकार, QV 22 का संबंध NR 24 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, OT 27 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. JS 29 |
| | ✔ B. LP 29 |
| | ✘ C. LS 28 |
| | ✘ D. JQ 28 |

| Q.55 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br>31 51 71 91 111 ? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 131 |
| | ✘ B. 129 |
| | ✘ C. 130 |
| | ✘ D. 132 |

| Q.56 | निम्नलिखित श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, दिए गए अक्षर-संख्या समूहों में से कौन-सा प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर आएगा?<br><br>ICG23 JDH31 KEI39 LFJ47 ? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. MGL56 |
| | ✔ B. MGK55 |
| | ✘ C. MGK56 |
| | ✘ D. MGL55 |

| Q.57 | यदि + का अर्थ ÷ है, − का अर्थ × है, × का अर्थ − है, और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>608 + 76 × 6 − 37 ÷ 259 = ? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 39 |
| | ✘ B. 41 |
| | ✘ C. 33 |
| | ✔ D. 45 |

| Q.58 | संख्या 7214365 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा? |
| --- | --- |
| Ans | ✗ A. एक का भी नहीं |
| | ✗ B. दो |
| | ✓ C. तीन |
| | ✗ D. एक |

| Q.59 | यदि '+' का अर्थ '–' है , '–' का अर्थ '×' है, '×' का अर्थ '÷' और '÷' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>112 × 4 ÷ 8 – 2 + 23 = ? |
| --- | --- |
| Ans | ✗ A. 26 |
| | ✓ B. 21 |
| | ✗ C. 18 |
| | ✗ D. 13 |

| Q.60 | उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।<br><br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>(18, 162, 9)<br>(21, 189, 9) |
| --- | --- |
| Ans | ✗ A. (16, 144, 8) |
| | ✗ B. (9, 90, 9) |
| | ✓ C. (15, 135, 9) |
| | ✗ D. (12, 120, 9) |

| Q.61 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>SWE ZDL GKS NRZ ? |
| --- | --- |
| Ans | ✓ A. UYG |
| | ✗ B. UGY |
| | ✗ C. UIG |
| | ✗ D. UGI |

| Q.62 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस समूह से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।) |
| --- | --- |
| Ans | ✗ A. RUQ |
| | ✗ B. SVR |
| | ✗ C. YBX |
| | ✓ D. VZU |

| Q.63 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'moving through life' को 'gt df za' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'life is short' को 'kl td za' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'life' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?<br><br>(सभी कूट दो-अक्षर वाले कूट हैं) |
| --- | --- |
| Ans | ✗ A. kl |
| | ✗ B. df |
| | ✓ C. za |
| | ✗ D. gt |

| Q.64 | टीनू बिंदु A से चलना शुरू करता है और पूर्व की ओर 55 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 57 km गाड़ी चलाता है, फिर दाएं मुड़ता है और 61 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 66 km गाड़ी चलाता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है, 6 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए?<br><br>(नोट: सभी मोड़ केवल 90° के हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. दक्षिण में 7 km |
| | ✓ B. दक्षिण में 9 km |
| | ✗ C. उत्तर में 10 km |
| | ✗ D. दक्षिण में 8 km |

| Q.65 | निम्नलिखित संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) 8 5 1 7 3 5 2 8 7 6 9 8 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है और ठीक बाद एक सम संख्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. चार |
| | ✗ B. दो |
| | ✗ C. तीन |
| | ✓ D. एक |

| Q.66 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।<br><br>कथन :<br>सभी कप, गिलास हैं।<br>सभी गिलास, टाइल हैं।<br><br>निष्कर्षः<br>(I) कुछ टाइल, गिलास हैं।<br>(II) सभी कप, टाइल हैं। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। |
| | ✓ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। |
| | ✗ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। |
| | ✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। |

| Q.67 | निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क के अनुसार अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता है।<br><br>WASP - WPSA - PSAW<br>GUTS - GSTU - STUG |
|---|---|
| Ans | ✓ A. NICE - NECI - ECIN |
| | ✗ B. GROW - GRWO - ROWG |
| | ✗ C. HUGE - UHGE - EUGH |
| | ✗ D. POND - PNOD - DNOP |

| Q.68 | उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।<br><br>UN-RK-OQ<br>SL-PI-MO |
|---|---|
| Ans | ✗ A. RJ-NH-KL |
| | ✗ B. QJ-NG-KL |
| | ✗ C. RJ-NG-KL |
| | ✓ D. QJ-NG-KM |

| Q.69 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>612 610 606 600 592 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 584 |
| | ✗ B. 591 |
| | ✓ C. 582 |
| | ✗ D. 581 |

| Q.70 | सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, एक पंक्ति में उत्तर की अभिमुख होकर बैठे हैं। C के दाईं ओर केवल छह व्यक्ति बैठे हैं। B के बाईं ओर केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। D, A के बाईं ओर लेकिन B के दाईं ओर बैठा है। G के दाईं ओर दूसरे स्थान पर F बैठा है। E के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. दो |
| | ✗ B. तीन |
| | ✗ C. एक |
| | ✓ D. चार |

| Q.71 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. VS – CH |
| | ✗ B. HE – OT |
| | ✗ C. SP – ZE |
| | ✓ D. PN – WB |

| Q.72 | सात डिब्बे, B, D, E, P, S, T और W, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। B के नीचे केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। W के ऊपर केवल एक डिब्बा रखा गया है। W और E के बीच केवल एक डिब्बा रखा गया है। T को S के ठीक ऊपर रखा गया है। P को D के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है। D और T के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. एक |
| | ✓ B. चार |
| | ✗ C. दो |
| | ✗ D. तीन |

| Q.73 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'may i sit' को 'pt sq ac' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'please sit here' को 'pt hm rf' के रूप में कूटबद्ध किया गया है । उस भाषा में 'sit' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. hm |
| | ✗ B. rf |
| | ✓ C. pt |
| | ✗ D. sq |

| Q.74 | A, B, C, D, E, F और G, एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A के बाएं से गिनने पर, D और A के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C, G के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। E, G के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। E, D के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। F, C का निकटतम पड़ोसी है। G के बाएं से गिनने पर, B और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. तीन |
| | ✗ B. दो |
| | ✗ C. एक |
| | ✓ D. चार |

| Q.75 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।<br><br>कथन:<br>कुछ ऊँट, नाव हैं।<br>कुछ नाव, तारा हैं।<br><br>निष्कर्ष (I): कुछ ऊँट, तारा हैं।<br>निष्कर्ष (II): कुछ नाव, ऊँट हैं। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। |
| | ✗ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। |
| | ✔ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। |
| | ✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। |

| Q.76 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>617 627 635 641 645 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 641 |
| | ✗ B. 643 |
| | ✔ C. 647 |
| | ✗ D. 644 |

| Q.77 | निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) 9 3 8 9 8 9 3 4 4 4 5 1 2 3 6 8 3 2 9 6 2 9 1 4 9 2 1 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या है और ठीक बाद में भी एक सम संख्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. आठ |
| | ✗ B. नौ |
| | ✗ C. सात |
| | ✔ D. पांच |

| Q.78 | दी गई संख्या श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।) (गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है।)<br>(बाएं) 1 8 9 1 3 8 3 8 9 9 5 9 6 5 5 1 7 7 4 2 3 1 6 (दाएं)<br>ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या तथा ठीक बाद में भी एक सम संख्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. दो |
| | ✔ B. एक भी नहीं |
| | ✗ C. तीन |
| | ✗ D. एक |

| Q.79 | किसी निश्चित कूट भाषा में,<br>A ? B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',<br>A = B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',<br>A @ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',<br>और A √ B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'।<br><br>यदि 'C ? D @ E √ F = L' है, तो C का L से क्या संबंध है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. बहन |
| | ✔ B. पुत्री |
| | ✗ C. माता |
| | ✗ D. पत्नी |

| Q.80 | मोनित बिंदु A से शुरू होकर उत्तर दिशा में 43 km चलता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 54 km चलता है, फिर बाएं मुड़ता है और 58 km चलता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 67 km चलता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है, 15 km चलता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए?<br><br>(नोट: सभी मोड़ केवल 90° के हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पूर्व में 10 km |
| | ✗ B. पूर्व में 11 km |
| | ✗ C. पश्चिम में 12 km |
| | ✓ D. पश्चिम में 13 km |

Section : **General Awareness and Current Affairs**

| Q.81 | मई 2025 में भारत ने किस देश के साथ संयुक्त मानवीय सहायता और आपदा राहत (Humanitarian Assistance and Disaster Relief) अभ्यास किया? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. मालदीव |
| | ✗ B. फिलीपींस |
| | ✗ C. श्रीलंका |
| | ✗ D. जापान |

| Q.82 | 2025 ओपन चैम्पियनशिप (गोल्फ) 17-20 जुलाई तक कहाँ खेली गई? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. रॉयल ट्रून, स्कॉटलैंड |
| | ✗ B. रॉयल लिवरपूल, इंग्लैंड |
| | ✓ C. रॉयल पोर्टरश, उत्तरी आयरलैंड |
| | ✗ D. सेंट एंड्रयूज, स्कॉटलैंड |

| Q.83 | 2025 लॉरियस अवार्ड्स में ब्रेकथ्रू ऑफ द ईयर का पुरस्कार किसने जीता? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. समर मैकिन्टोश (Summer McIntosh) |
| | ✓ B. लामिन यमल (Lamine Yamal) |
| | ✗ C. विक्टर वेम्बान्यामा (Victor Wembanyama) |
| | ✗ D. कोको गॉफ़ (Coco Gauff) |

| Q.84 | आयुष मंत्रालय द्वारा घोषित आयुर्वेद दिवस, 2025 की विषयवस्तु (थीम) क्या थी? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. आयुर्वेद फॉर वेलनेस (Ayurveda for Wellness) |
| | ✓ B. आयुर्वेद फॉर पीपल एंड प्लैनेट (Ayurveda for People & Planet) |
| | ✗ C. ट्रेडिशनल रेमेडीज़ इन मॉडर्न टाइम्स (Traditional Remedies in Modern Times) |
| | ✗ D. आयुर्वेद, एनवायरनमेंट एंड यू (Ayurveda, Environment & You) |

| Q.85 | जून 2025 तक की स्थिति के अनुसार, निम्नलिखित में से किस वर्ष में भारत ने शुद्ध-शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 2047 |
| | ✗ B. 2057 |
| | ✗ C. 2030 |
| | ✓ D. 2070 |

| Q.86 | वर्ष 2025 में समाज सुधारक ज्योतिबा फुले की जयंती किस तिथि को मनाई गई? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 5 सितंबर |
| | ✗ B. 14 अप्रैल |
| | ✗ C. 15 अगस्त |
| | ✓ D. 11 अप्रैल |

| | |
|---|---|
| Q.87 | निम्नलिखित में से किस पैरा-एथलीट को जनवरी 2025 में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया? |
| Ans | ✗ A. प्रीति पाल |
| | ✗ B. अजीत सिंह |
| | ✗ C. सुभाष राणा |
| | ✓ D. प्रवीण कुमार |

| | |
|---|---|
| Q.88 | मोनिका गुसाईं ने निम्नलिखित में से किस भारतीय संघ में वरिष्ठ कार्यकारी पद जीता? |
| Ans | ✗ A. नेशनल एसोसिएशन ऑफ रियलटर्स - इंडिया |
| | ✓ B. सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन |
| | ✗ C. भारतीय वास्तुकार संस्थान |
| | ✗ D. एशियाई ग्रामीण विकास संगठन |

| | |
|---|---|
| Q.89 | राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस, 2025 की आधिकारिक विषयवस्तु (थीम) क्या थी? |
| Ans | ✗ A. PANTRA – प्रपंच फॉर एडवांसिंग न्यू टेक्नोलॉजी, रिसर्च एंड एक्सेलेरेशन (PANTRA – Prapancha for Advancing New Technology, Research & Acceleration) |
| | ✓ B. YANTRA – युगांतर फॉर एडवांसिंग न्यू टेक्नोलॉजी, रिसर्च एंड एक्सेलेरेशन (YANTRA – Yugantar for Advancing New Technology, Research & Acceleration) |
| | ✗ C. TANTRA – तपस्या फॉर एडवांसिंग न्यू टेक्नोलॉजी, रिसर्च एंड एक्सेलेरेशन (TANTRA – Tapasya for Advancing New Technology, Research & Acceleration) |
| | ✗ D. MANTRA – मनोविकास फॉर एडवांसिंग न्यू टेक्नोलॉजी, रिसर्च एंड एक्सेलेरेशन (MANTRA – Manovikas for Advancing New Technology, Research & Acceleration) |

| | |
|---|---|
| Q.90 | अप्रैल 2025 में, सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (NEERI) को क्या उत्तरदायित्व सौंपा? |
| Ans | ✗ A. ताजमहल के पास पर्यटन को बढ़ावा देना |
| | ✓ B. ताजमहल पर कांच उद्योगों के प्रभाव का अध्ययन करना |
| | ✗ C. ताजमहल के पास स्थित कांच कारखानों को स्थानांतरित करना |
| | ✗ D. ताजमहल की मरम्मत करना |

| | |
|---|---|
| Q.91 | ग्रामीण लोगों के जीवन, स्वास्थ्य और संपत्ति को कवर करने वाला एक बीमा उत्पाद 'बीमा विस्तार (Bima Vistaar)', ________ तक लॉन्च किया जा सकता है। |
| Ans | ✓ A. दिसंबर 2025 |
| | ✗ B. मार्च 2026 |
| | ✗ C. नवंबर 2025 |
| | ✗ D. जनवरी 2026 |

| | |
|---|---|
| Q.92 | फरवरी 2025 में, ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा जारी 2024 के भ्रष्टाचार बोध सूचकांक (CPI) में भारत का स्कोर क्या था? |
| Ans | ✗ A. 31 |
| | ✗ B. 40 |
| | ✓ C. 38 |
| | ✗ D. 24 |

| | |
|---|---|
| Q.93 | भारत 31 मार्च 2026 के बाद AsiaSat के AS-5 और AS-7 उपग्रहों को प्रतिबंधित कर देगा। यह निर्णय ___________ पर सरोकारों के कारण भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र द्वारा लिया गया है। |
| Ans | ✗ A. सिंगापुर प्राधिकरण |
| | ✓ B. चीनी प्राधिकरण |
| | ✗ C. जापानी प्राधिकरण |
| | ✗ D. दक्षिण कोरियाई प्राधिकरण |

| Q.94 | मार्च 2025 में म्यांमार में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल द्वारा कौन-सा भूकंप बचाव ऑपरेशन शुरू किया गर |
|---|---|
| Ans | ✔ A. ऑपरेशन ब्रम्हा (Operation Bramha) |
| | ✘ B. ऑपरेशन नाग (Operation Naag) |
| | ✘ C. ऑपरेशन विष्णु (Operation Vishnu) |
| | ✘ D. ऑपरेशन सुदर्शन (Operation Sudarshan) |

| Q.95 | केंद्रीय बजट 2025-26 में, भारत सरकार ने ऊर्जा विश्वसनीयता सुनिश्चित करने और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने के लिए निम्नलिखित में से किस मिशन की घोषणा की? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. EV मिशन |
| | ✘ B. जल विद्युत मिशन |
| | ✔ C. परमाणु ऊर्जा मिशन |
| | ✘ D. हाइड्रोजन मिशन |

| Q.96 | वैश्विक शांति सूचकांक 2025 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा देश सबसे निचले स्थान पर है, जो सबसे कम शांतिपूर्ण राष्ट्र माना जाता है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. सूडान |
| | ✘ B. यमन |
| | ✘ C. सीरिया |
| | ✔ D. रूस |

| Q.97 | निम्नलिखित में से किस हॉकी खिलाड़ी को जनवरी 2025 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. गुरजीत कौर |
| | ✘ B. दीप ग्रेस एक्का |
| | ✘ C. सविता पुनिया |
| | ✔ D. सलीमा टेटे |

| Q.98 | प्रधान मंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के तहत, 28 फरवरी 2025 तक पूरे भारत में कितने जन औषधि केंद्र (JAK) खोले गए, जिनमें एंड-टू-एंड IT-सक्षम आपूर्ति श्रृंखला प्रणाली (end-to-end IT-enabled supply chain system) है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 15,057 |
| | ✘ B. 16,507 |
| | ✘ C. 13,007 |
| | ✘ D. 14,057 |

| Q.99 | वर्ष 2025 में निम्नलिखित में से किस टेनिस टूर्नामेंट में मानव जजों की व्यवस्था को समाप्त कर लाइव इलेक्ट्रॉनिक लाइन कॉलिंग का उपयोग किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. ऑस्ट्रेलियन ओपन (Australian Open) |
| | ✘ B. फ्रेंच ओपन (French Open) |
| | ✔ C. विंबलडन (Wimbledon) |
| | ✘ D. यूएस ओपन (US Open) |

| Q.100 | 4 जुलाई 2025 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार _____ था। |
|---|---|
| Ans | ✘ A. ₹67,68,048 करोड़ |
| | ✔ B. ₹59,68,048 करोड़ |
| | ✘ C. ₹54,68,048 करोड़ |
| | ✘ D. ₹56,58,048 करोड़ |